बापू की बगिया में तैयार हो रही देशसेवा की नयी जांबाज फौज

जॉब के साथ राष्ट्र की सेवा का जेहन में भाव, गांधी मैदान में रोज घंटों अभ्यास में बहाते पसीना

-ललितेश्वर सिंह-

पटना। पटना के गांधी मैदान में रोज सुबह शाम दौड़ लगाते और कठिन शारीरिक व्यायाम करतीं युवाओं की भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि वे सिर्फ सिविल या मिलिट्री फील्ड में जॉब पाने के लिए ही अपना खूनट्टपसीना एक नहीं कर रहे बल्कि देश और समाज के नवनिर्माण में भी भागीदारी निभाने का हौसला और जुनून उनके रग रग में भरा है।

गांधी मैदान परिसर स्थित बापू की प्रतिमा के परिसर का बगीचा और प्रतिमा स्थल की सीढ़ियों पर भी उन्हें कठिन शारीरिक अभ्यास करते देखा जा सकता है। यही युवा कल देश के जांबाज प्रहरी साबित होंगे, ऐसा उनकी लगन और मेहनत को देखकर विश्वास होता है।वेकेंसी के अनुसार अग्निवीर, दारोगा, पैरा मिलिट्री, सेंट्रल पुलिस ऑफिसर, सीआरपीएफ, नेवी, एयरफोर्स, बिहार पुलिस, उत्पाद विभाग की पुलिस में भर्ती के लिए ये नौनिहाल रोजाना सुबह शाम दो दो या तीनट्टतीन घंटे अपने शरीर के विभिन्न अंगों के फुल फिटनेस के लिए विभिन्न



व्यायाम करते हैं ।इनमें ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, दंड बैठकी, घुटनों की मजबूती के लिए सीढ़ियों पर कूदना आदि शामिल है। व्यायाम के बाद या पहले ये युवा दौड़ लगाते हैं जिसमें जॉब की सातों के अनुसार 400 मीटर, 500 मीटर 1600 मीटर से लेकर 10 किलोमीटर तक की दौड़ लगाते हैं। चूंकि अधिकांश युवा विभिन्न फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी से जुड़े होते है इसलिए उन्हें फिजिकल ट्रेनिंग देने के साथ उस एकेडमी के ट्रेनर खानेट्टपीने में एहतियात बरतने के साथ दिनचर्या में भी जरूरी सलाह देते हैं। विदित है कि बेरोजगारी के इस युग में सिविल सर्विसेज से लेकर मिलिट्री सर्विसेज में जॉब के लिए युवकों को अपना खूनट्टपसीना एक करना पड़ रहा है ।इसका कारण एक तो शिक्षित बेरोजगारों की फौज है ही, बदली जीवनशैली, पारिवारिक सामाजिक वातावरण में आए बदलाव और महत्वाकांक्षा के साथ आत्मनिर्भर बनने का जुनून भी इन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसे पॉजिटिव बदलाव ही कहा जा सकता है जो स्वस्थ, विकसित और जिम्मेदार नागरिक वाले भारत के निर्माण में सहायक होगा। यह भी सच है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में होनेवाली अप्रत्याशित भीड़ के कारण ही अपनी जॉब पक्की करने के लिए युवाओं को कड़ी मेहनत और अभ्यास से गुजरना पड़ता है।

मॉडल स्कूलों में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से चल रहे सात सौ मॉडल स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य हो गयी है।

राज्य सरकार ने सरस्वती विद्या निकेतन के नाम से खोले गये मॉडल स्कूलों में छात्राओं की 75 फीसदी उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश संबंधित अधिकारियों को दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन ने सभी जिलाधिकारियों के पास पत्र भेजकर निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देश में कहा गया है कि मॉडल स्कूलों में परीक्षा केंद्र नहीं बनाये जायें। जरूरत पड़ने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी वैकल्पिक परीक्षा केंद्रों की अनुशंसा करेंगे।

चेतना सत्र का नियमित एवं बेहतर संचालन किया जाय। इस दौरान वाद्य यंत्रों का उचित उपयोग भी हो। इसकी नियमित निगरानी के लिए जिलाधिकारी अपने स्तर से किसी अधिकारी को नामित करेंगे। 9वीं कक्षा में अनुतीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं के संचालन के भी निर्देश दिये गये हैं। निर्देश में यह भी कहा गया है कि मॉडल स्कूलों में पुलिस बल के आवासन की व्यवस्था नहीं की जाय। जिन मॉडल स्कूलों में लिपिक और परिचारी पदस्थापित नहीं हैं, वहां नजदीकी विद्यालय से लिपिक और परिचारी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। निर्देशों का अनुपालन सख्ती से करने के लिए जिलाधिकारियों से कहा गया है।

सूबे में खुलेंगे पांच हजार नये सरकारी स्कूल

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में पांच हजार नये सरकारी स्कूल खुलेंगे।

इसके लिए शिक्षा विभाग पांच हजार नए सरकारी विद्यालय खोलने की कार्ययोजना तैयार करने में लगा है। नये स्कूल खोलने के लिए शिक्षा विभाग पहले जरूरत का आकलन करेगा। इसके तहत संबंधित पंचायतों और प्रखंडों में पहले से संचालित सरकारी विद्यालयों की संख्या, उनके बीच की दूरी, आसपास की आबादी और स्कूली उम्र के बच्चों की संख्या को आधार बनाया जायेगा।

इसके अलावा यह भी देखा जाएगा कि किन क्षेत्रों के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा हासिल करने के लिए अपने गांव या टोले से दूर जाना पड़ता है। इस आकलन के बाद ही नये विद्यालयों के लिए स्थान चिह्नित किए जायेंगे। शिक्षा विभाग का कहना है कि पांच हजार नए विद्यालय खोलने की इस पहल से राज्य में स्कूली शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शिक्षा की पहुंच को अधिक समावेशी बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

विभाग की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों की उन बसावटों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की है, जहां अभी विद्यालयों की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। कई जगहों पर गांव और टोले दूर-दूर बसे होने के कारण बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी होती है।

ऐसे क्षेत्रों में नए विद्यालय खुलने से छोटे बच्चों को घर के नजदीक ही पढ़ाई की सुविधा मिल सकेगी। इससे खासकर प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन और बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी।

शिक्षा विभाग की कार्ययोजना में पंचायत और प्रखंड स्तर पर विद्यालयों की जरूरत का आकलन महत्वपूर्ण होगा। जिन इलाकों में पहले से पर्याप्त संख्या में स्कूल हैं, वहां नए विद्यालय खोलने के बजाय कम सुविधा वाले क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

विभाग का उद्देश्य केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में बच्चों को दूरी के कारण स्कूली शिक्षा से वंचित न रहना पड़े।

ग्रेविटी मॉल के पास कंप्यूटर दुकान में लगी भीषण आग, हड़कंप

(निज प्रतिनिधि)

पटना। कंकड़बाग थाना क्षेत्र में रविवार यानि दीपावली के दिन कंकड़बाग रोड पर प्रसिद्ध ग्रेविटी मॉल के ठीक बगल में स्थित एक कंप्यूटर दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची और तेज लपटें दुकान से बाहर निकलने लगीं, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, दुकान के अंदर से पहले काला धुआं उठता देखा गया और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास की दुकानों और व्यावसायिक परिसरों में मौजूद लोग अनहोनी की आशंका से बदहवास होकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। व्यस्तम इलाका होने के कारण सड़क पर भी कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया। घटना की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और पुलिस बल की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने बिना समय गंवाए पानी की बौछारें शुरू कीं और आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुट गए। संकीर्ण जगह और धुएं के भारी गुबार के कारण राहत एवं बचाव कार्य में दमकल कर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ।फिलहाल, आग लगने की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन दुकान में रखे लाखों रुपये के कंप्यूटर, लैपटॉप, एक्सेसरीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खाक होग गये। शुरुआती तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि पुलिस और दमकल विभाग द्वारा पूरी तरह आग बुझने के बाद ही आग के सटीक कारणों और कुल आर्थिक नुकसान का वास्तविक आकलन किया जा रहा है।

धर्मेन्द्र प्रधान और साध्वी ऋतंभरा ने दी श्रद्धांजलि

पटना (आससे)। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान और साध्वी ऋंभरा (दीदी माँ)ने 'अन्नपूर्णा' निवास पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, संस्थापक सदस्य और पूर्व



राज्यसभा सांसद स्वर्गीय आर. के. सिन्हा जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए दोनों ने श्री ऋंराज सिन्हा जी से मुलाकात की और इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान श्री ऋंराज सिन्हा जी ने उन्हें आगामी 12 नवंबर को उनके %अन्नपूर्णा% आवास पर आयोजित होने वाले ब्रह्मभोज और प्रार्थना सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सरकारी पोर्टल पर दर्ज होगा टीकाकरण का रिकॉर्ड

पटना (आससे)। राज्य के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थान एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण का रिकॉर्ड सरकारी पोर्टल पर दर्ज होगी।

इसके लिए क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत पंजीकृत सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों को हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम और यू-विन पोर्टल से जोड़ा जायेगा। इससे राज्य में टीकाकरण का वास्तविक स्थिति का आकलन होगा। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक डा.नवल किशोर चौधरी ने कहा कि छह नवंबर को इस संबंध में सभी सिविल सर्जनों को निर्देश जारी किया हैं।

इसके तहत जिलों में टीकाकरण की सुविधा देने वाले सभी पंजीकृत जिनी स्वास्थ्य संसथानों की पोर्टल की मैपिंग करायी जायेगी।

यू-विन की मानक संचालन प्रक्रिया में निजी स्वास्थ्य संस्थानों को जोड़ने की पूरी व्यवस्था दी गई हैं। इसके तहत सबसे पहले सब-डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटर निजी स्वास्थ्य संस्थान का पंजीकरण एवं मैपिंग करेंगे। संस्थान का नाम, पूरा पता, पिनकोड, ग्रामीण या शहरी क्षेत्र, अक्षांत-देशांतर और संबंधित प्रखंड या शहरी निकाय की जानकारी पोर्टल पर दर्ज होगी।

स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में होने वाले टीकाकरण की एकीकृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने में मदद मिलेगी।

इससे टीकाकरण के वास्तविक आच्छादन का बेहतर आकलन, लाभार्थियों की पहचान एवं छूटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाने की दिशा में काम करना आसान होगा।

बिहार सरकार

खान एवं भूतत्व विभाग
जिला खनन कार्यालय, शेखपुरा
Email: mdoshekhpura@gmail.com
Near Collectorate Office, Sheikhpura, Bihar — 811105

-: सूचना :-

एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार शेखपुरा जिले में पत्थर खनिज के लिए पूर्व में तैयार किये गये जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन में चिन्हित पत्थर भूखंडों के अतिरिक्त बन्दोबस्ती हेतु अन्य पत्थर भूखंडों को चिन्हित कर Supplementry Addendum जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन तैयार कर आमजनों से आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने हेतु शेखपुरा जिला के वेबसाइट **https://sheikhpura.nic.in** पर अपलोड किया गया है।

सभी आमजनों से अनुरोध है कि जिला की वेबसाइट पर जाकर Supplementry Addendum जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन का अवलोकन कर संबंधित आपत्ति/सुझाव को जिला खनन कार्यालय, शेखपुरा के ई-मेल आई0डी0 **mdoshekhpura@gmail.com** पर उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

खनिज विकास पदाधिकारी,
शेखपुरा

PR. No. 015232 (Mines) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संजय सरावगी ने सपरिवार दीप प्रज्वलित कर की पूजा-अर्चना

(निज प्रतिनिधि)

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा के विधायक संजय सरावगी ने प्रकाश के महापर्व दीपावली के अवसर पर समस्त बिहारवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारी सनातन संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं, आध्यात्मिक चेतना और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और निराशा से आशा की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है ।प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीपावली के पावन अवसर पर दरभंगा स्थित अपने आवास पर सपरिवार दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों के साथ दीपोत्सव की खुशियां मनाईं और माता महालक्ष्मी एवं भगवान श्री गणेश की आराधना कर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की ।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों और उनके अयोध्या आगमन की स्मृति से जुड़ा दीपावली का पर्व हमें मर्यादा, त्याग, कर्तव्य, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। दीपों की जगमगाहट हमारे जीवन में सकारात्मकता, नई ऊर्जा और नई उम्मीदों का संचार करती है। यह पर्व परिवार और समाज को आपसी प्रेम, सद्भाव, एकता और सहयोग के सूत्र में बांधने का भी अवसर है ।सरावगी ने मैथिली में भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, अहाँ सभ गोटे के दीपावलीक पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामना आ ढेर मंगलकामना! ई पावन पर्व अहाँ सभक जीवन में सुख, समृद्धि, शांति आ खुशहाली लाबय ।उन्होंने कामना की कि दीपावली के प्रकाश से हर घर रोशन हो और प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहे। माता महालक्ष्मी और भगवान गणेश की कृपा सभी पर बनी रहे तथा यह पावन पर्व बिहार को प्रगति, विकास और समृद्धि के नए पथ पर आगे बढ़ाने वाला साबित हो।

शिक्षा मंत्री ने खजुराहो में बागेश्वर धाम सरकार से की भेंट

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने सोमवार की शाम मध्य प्रदेश के खजुराहो में आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज (बागेश्वर धाम सरकार) से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उनका दर्शन कर उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने गुरुदेव के श्रीचरणों में नमन करते हुए बिहार की सुख-समृद्धि और निरंतर उन्नति की कामना की। साथ ही, प्रदेश के सभी नागरिकों और देशवासियों के सुखी, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन के लिए भी आशीर्वाद मांगा।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा, डाक बंगला रोड, छपरा
ई-मेल :-*phd_chapra@yahoo.co.in*, दूरभाष सं0 :-06152.244791

अवधि विस्तार से संबंधित सूचना

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा अंतर्गत आमंत्रित **SHORT TIME TENDER NIT No-06/2026-27** जिसका पी0आर0संख्या-014511 (PHED) 2026-27 है, जो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, जिसमें अवधि विस्तार से संबंधित संशोधन निम्नांकित है:-

क0 सं0	विवरण	पूर्व निर्धारित तिथि	संशोधित (अवधि विस्तार तिथि)
1	निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:-	दिनांक-04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर)	दिनांक-04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक-11.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिफ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in** पर
2	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:-	दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in पर)**	दिनांक-11.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2. bihar.gov.in पर)**
3	निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि एवं समय:-	दिनांक-06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2.bihar.gov.in पर)**	दिनांक-11.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट **https://eproc2. bihar.gov.in पर)**

नोट:-शेष सभी शर्ते यथावत् रहेगी।
PR. No. 015142 (PHED) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।



पटना जंक्शन पर ट्रेन के इंतजार में खड़ा यात्रियों का हुजूम।

पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता ने प्रस्तुत किया शोध पत्र

पटना (आससे)। आपदा रोधी एवं पर्यावरण के अनुकूल समाज निर्माण को कृतसंकल्पित तथा विज्ञान एवं तकनीक के विभिन्न पहलुओं को समाज के अन्तिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाने को कटिबद्ध पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधीक्षण अभियंता ,बिहार अभियन्त्रण सेवा संघ के पूर्व महासचिव एवं इण्डियन इन्जीनियर्स फेडरेशन (पूर्व) के पूर्व उपाध्यक्ष डा सुनील कुमार चौधरी ने चण्डीगढ चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान,पटना मे आयोजित पाँचवे मैनेजमेन्ट केस कौन्फ्रेन्स में शोध पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक प्रभावी लीडर वह है जो थ्योरी के अनुशासन को व्यावहारिक लचीलेपन के साथ जोड़ना जानता हो ।उनके शोध पत्र का विषय था- -ब्रीजिन्ग थ्योरी एण्ड प्रैक्टिस-रियल वर्ल्ड मैनेजमेंट चैलेंजेज ।डा चौधरी ने स्थापित मोडल के दुनिया मे मात खाने के तीन प्रमुख कारण-बाउन्डेड रैशनलिटी, संस्थागत जडता एवम इमोशनल इन्टेलीजेन्स पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि मुख्य समस्या यह है कि हमारे पारंपरिक मैनेजेन्ट्स सिद्धांत बहुत ही आदर्श वातावरण की कल्पना करते है,जहा हर चीज नियम के अनुसार चलती है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति से चार लाख की सोने की चेन झपटी

(निज प्रतिनिधि)

पटना। दीपावली की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति को बाइक सवार बदमाशों ने अपना आसान निशाना बनाया और दिनदहाड़े करीब चार लाख रुपये कीमत की सोने की चेन झपटकर फरार हो गए।

यह मामला पटना के रूपसपुर थाना क्षेत्र के वेद नगर इलाके का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति दीपावली की सुबह अपनी नियमित सैर पर निकले थे। इसी दौरान घात लगाए बैठे बाइक सवार झपटमारों ने उनके गले पर झपट्टा मारा और सोने की चेन लेकर तेजी से फरार हो गए ।वारदात के दौरान अपराधियों द्वारा अचानक किए गए तेज झटके के कारण पीड़ित व्यक्ति संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर पड़े, जिससे उन्हें हल्की चोटें भी आईं। अपराधी मौके से आसानी से फरार होने में कामयाब रहे। हालांकि, यह पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है ताकि बदमाशों के हुलिए और उनकी बाइक का नंबर ट्रेस किया जा सके। फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

बिहार सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)

मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹25.00 लाख से ₹70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)

कार्यालय का नाम:- नगर पंचायत, कटेया

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण की सूचना (ई-टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)

संख्या- NIT No-06/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, कटेया।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि - — दिनांक-05.11.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान — दिनांक-14.11.2026 को समय 3:30 बजे अपराह्न
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक-13.11.2026 से दिनांक-18.11.2026 के 3:00 बजे तक अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि- — दिनांक-18.11.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि — दिनांक-19.11.2026 समय 11:00 बजे पूर्वाह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि — तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी-**

क्र सं	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www. Eproc2. bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2. bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
01	नगर पंचायत, कटेया वार्ड सं0-02 अन्तर्गत सम्राट अशोक भवन के चाहारदिवारी का निर्माण कार्य।	2988530.00	60000.00	5000.00	590.00	06 माह
02	मुख्यमंत्री शहरी नाली-गली योज नान्तर्गत वार्ड संख्या-03 में कटेया पकहाँ मुख्य पथ में पकहाँ रोड़ में (पश्चिम दिशा) से सूरज प्रसाद मद्धेशिया के होटल के पास कलभट तक आर0सी0सी0 नाला एवं स्लैब का निर्माण कार्य।	2927496.00	59000.00	5000.00	590.00	06 माह
03	मुख्यमंत्री शहरी नाली-गली योजनान्तर्गत वार्ड संख्या-07 में जमुनहा कटेया मुख्य पथ से सन्तगोपिया बाबा संस्कृत वेद विद्यालय तक पथ का पी0सी0सी0 एवं पथ के दोनो तरफ पेभर ब्लाक का निर्माण कार्य।	3053820.00	61100.00	5000.00	590.00	06 माह
04	मुख्यमंत्री शहरी नाली-गली योजनान्तर्गत वार्ड संख्या- 09 में श्री सोमनाथ ओझा (कबी जी) के घर से श्रीराम शर्मा के घर तक पथ का मि0/ई0 एवं पी0सी0सी0, आर0सी0सी0 नाला एवं स्लैब का निर्माण कार्य।	2697936.00	54000.00	5000.00	590.00	06 माह

नोट:- Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

9. निविदा की वैद्यता अवधि: 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, कटेया

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015089 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

विश्वविद्यालयों में लागू होगा छुट्टियों का समान कैलेंडर

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य के पारंपरिक विश्वविद्यालयों में छुट्टियों का समान कैलेंडर लागू होगा। इसके तहत वर्ष 2027 के लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालयों का अवकाश कैलेंडर एक जैसा होगा। इस संबंध में कुलाधिपति सह राज्यपाल ने तीन कुलपतियों की समिति गठित की है। समिति को आगामी दो सप्ताह के भीतर एक समान अवकाश कैलेंडर तैयार कर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में बिहार लोक भवन सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी। समिति में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के कुलपति, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के कुलपति और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा के कुलपति को शामिल किया गया है। समिति को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के लिए वर्ष 2027 का एक समान अवकाश कैलेंडर तैयार करने की जिम्मेदारी दी गयी है। समिति को यथासंभव दो सप्ताह के भीतर अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है. इसके बाद तैयार प्रस्ताव के आधार पर सभी विश्वविद्यालयों के लिए अवकाश की समान व्यवस्था लागू करने की दिशा में आगे की प्रक्रिया होगी। वर्तमान में विश्वविद्यालयों में अवकाश कैलेंडर को लेकर अलग-अलग व्यवस्थाएं देखने को मिलती हैं। एक समान कैलेंडर लागू होने से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में छुट्टियों की तिथियों में एकरूपता आने की उम्मीद है। इससे शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षाओं और विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक कामकाज के संचालन में भी समन्वय स्थापित करने में मदद मिलेगी।

कृषि क्षेत्र को मिलेगी डाक विभाग की व्यापक नेटवर्किंग की ताकत : कृषि मंत्री

पटना (आससे)। कृषि विभाग, बिहार सरकार एवं डाक विभाग, भारत सरकार के बिहार परिमंडल के बीच कृषि उपादानों तथा उर्वरक, कीटनाशी एवं बीज



आदि के नमूनों की जांच प्रयोगशालाओं तक सुरक्षित एवं समयबद्ध प्रेषण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बिहार परिमंडल के निदेशक, डाक सेवाएं प्रियंका जेन एवं कृषि निदेशक मुकेश कुमार लाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते के तहत अब कीटनाशक, बीज एवं उर्वरक के नमूने डाक विभाग के माध्यम से पूरी सुरक्षा एवं गोपनीयता के साथ जांच प्रयोगशालाओं तक भेजे जा सकेंगे। इससे निजी कुरियर पर निर्भरता समाप्त होगी और नमूनों की जांच प्रक्रिया में होनेवाली देरी कम होगी। बिहार के ९,६७३ डाकघर केन्द्रों के व्यापक नेटवर्क का लाभ इस व्यवस्था को मिलेगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि डाक विभाग का सहयोग केवल कृषि उपादानों के नमूनों के प्रेषण तक सीमित नहीं रहता चाहिए, बल्कि राज्य के किसानों की उन्नति और आर्थिक समृद्धि में भी इसकी महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए। श्री सिन्हा ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें बाजार से जोड़कर उनकी आय और आर्थिक समृद्धि के नये अवसर उपलब्ध कराना है। वहीं निदेशक डाक सेवाएं प्रियंका जेन ने कहा कि किसानों के हित में डाक विभाग अपनी सेवाओं एवं संसाधनों के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा।

हेमलता बनीं एआईएनएए की राज्य महिला समन्वयक

पटना (आससे)। ऑल इंडिया नेशनल अवॉर्डीज एसोसिएशन (एआईएनएए) ने हेमलता को बिहार राज्य महिला समन्वयक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन



के संस्थापक अध्यक्ष विपिन सोलंकी एवं राष्ट्रीय महासचिव अंबिका बहल के मार्गदर्शन में की गयी है। संगठन का उद्देश्य महिलाओं को केवल सामाजिक गतिविधियों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें नेतृत्व, निर्णय लेने, संगठन संचालन और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के अवसर प्रदान करना भी है। श्री सोलंकी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना सामाजिक विकास और राट्र निर्माण की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि हेमलता बिहार में महिला इकाई को संगठित करने, नई महिला नेतृत्व टीम तैयार करने और संगठन की गतिविधियों को राज्य के विभिन्न जिलों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंबिका बहल ने कहा कि महिलाओं को अवसर और सम्मान दोनों मिलना जरूरी है। हेमलता ने कहा कि यह मेरे लिए पद नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी है।